an>

Title: Madam Speaker congratulated the team of Scientists and Technologists of ISRO for successful launch of newest rocket 'GSLV Mk-III' from Sriharikota.

माननीय अध्यक्ष : जैसा कि आपको विदित है, हमारे देश ने आज श्रीहरिकोटा से अपने नवीनतम रॉकेट "जीएसएलवी एमके. III " को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। अब तक सबसे भारी यह 630 टन रॉकेट एक प्रोटोटाइप क्रू मॉडयूल को भी अपने साथ लेकर गया है जो इस देश को अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस प्रक्षेपण से भारत ने उन राष्ट्रों के चयनित समूह में प्रवेश कर लिया है जिनके पास ऐसे जटिल मिशन की प्रौद्योगिकी है। हमें अपने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर अत्यधिक गर्व है।

यह सभा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के समर्पित दल को इस मिशन को सफल बनाने पर अपनी बधाई देती है।